# ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम

## प्रिलिम्स के लिये:

ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम, LiFE अभियान, कार्बन क्रेडिट, क्योटो प्रोटोकॉल, सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर

## मेन्स के लिये:

ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के तहत कवर की गई गतिविधियाँ, ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम से संबंधित चिंताएँ

स्रोत: द हिंदू-बिज़नेस लाइन

## चर्चा में क्यों?

सरकार ने हाल ही में एक नवीन और स्वैच्छिक **ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम** का शुभारंभ किया जो **व्यक्तियों और संस्थाओं को उनके सकारात्मक पर्यावरणीय योगदान के लिये पुरस्कृत तथा प्रोत्साहित** करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

- इसके प्रतिभागी पर्यावरणीय धारणीयता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिये ग्रीन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं।

## ग्रीन क्रेडिट:

- **परिचय:**
  - **ग्रीन क्रेडिट, पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाली गतिविधियों** में संलग्न व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रदान की जाने वाली **प्रोत्साहन की एक इकाई** को संदर्भित करता है।
    - यह पर्यावरण संरक्षण और सतत् प्रथाओं में योगदान देने के लिये **विभिन्न हितधारकों को प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा शुरू किया गया एक स्वैच्छिक कार्यक्रम** है।
  - यह कार्यक्रम व्यापक **'LiFE' अभियान (पर्यावरण के लिये जीवनशैली)** का हिस्सा है और यह स्वैच्छिक पर्यावरण-अनुकूल कार्यों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करता है।
- **शामिल गतिविधियाँ:**
  - **ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम** में पर्यावरणीय धारणीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से **आठ प्रमुख प्रकार** की गतिविधियाँ शामिल हैं:
    - **वृक्षारोपण:** हरित आवरण में वृद्धि करने और वनोन्मूलन की समस्या का निपटान करने के लिये पेड़ लगाना।
    - **जल प्रबंधन:** जल संसाधनों के कुशलतापूर्वक प्रबंधन और संरक्षण के लिये रणनीतियों को लागू करना।
    - **सतत् कृषि:** पर्यावरण-अनुकूल और धारणीय कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना।
    - **अपशिष्ट प्रबंधन:** पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिये प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करना।
    - **वायु प्रदूषण में कमी लाना:** इस पहल का उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना तथा वायु गुणवत्ता में सुधार करना है।
    - **मैंग्रोव संरक्षण और पुनर्स्थापना:** पारिस्थितिक संतुलन के लिये मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा और पुनर्स्थापना।
- **ग्रीन क्रेडिट अर्जन और गणना:**
  - ग्रीन क्रेडिट अर्जित करने के लिये प्रतिभागियों को **एक समर्पित वेबसाइट के माध्यम से अपनी पर्यावरणीय गतिविधियों** को पंजीकृत करना होगा। इसके बाद ये गतिविधियाँ एक नामित एजेंसी द्वारा सत्यापन के अधीन होंगी।
    - एजेंसी की रिपोर्ट के आधार पर प्रशासक आवेदक को ग्रीन क्रेडिट का प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।
  - ग्रीन क्रेडिट की गणना वांछित पर्यावरणीय परिणामों को प्राप्त करने के लिये **संसाधनों की आवश्यकता, पैमाने, दायरे, आकार और अन्य प्रासंगिक मापदंडों** जैसे कारकों द्वारा निर्धारित की जाती है।
- **ग्रीन क्रेडिट रजिस्ट्री और ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म:**
  - इस कार्यक्रम का एक महत्त्वपूर्ण घटक **ग्रीन क्रेडिट रजिस्ट्री** की स्थापना है, जो **अर्जित क्रेडिट को ट्रैक और प्रबंधित करने में सहायता** करेगा।
  - इसके अतिरिक्त प्रशासक **घरेलू बाज़ार में ग्रीन क्रेडिट्स के व्यापार** को सुनिश्चित करने के लिये एक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का निर्माण करेगा और उसे बनाए रखेगा।

- **कार्बन क्रेडटि से स्वतंत्रता:**
  - यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि ग्रीन क्रेडटि कार्यक्रम कार्बन क्रेडटि ट्रेडगि योजना, 2023 के तहत प्रदान कयि गए कार्बन क्रेडटि से स्वतंत्र रूप से संचालति तथा वर्ष 2001 के ऊर्जा संरक्षण अधनियिम द्वारा शासति होता है।
  - **ग्रीन क्रेडटि उत्पन्न करने वाली पर्यावरणीय गतविधि से जलवायु संबंधी लाभ हो सकते हैं**, जैसे- **कार्बन उत्सर्जन को कम करना या हटाना,** जसिसे संभावति रूप से ग्रीन क्रेडटि के अलावा कार्बन क्रेडटि का अधग्रिहण हो सकता है।

**नोट: कार्बन क्रेडटि** वनिमिय की एक इकाई है जसिका उपयोग **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन** की भरपाई के लयि कयिा जा सकता है**।** एक कार्बन क्रेडटि वायुमंडल से नकिाले गए **एक मीट्रकि टन कार्बन डाइऑक्साइड या समकक्ष ग्रीनहाउस गैसों के** बराबर है।

- कार्बन क्रेडटि की अवधारणा **क्योटो प्रोटोकॉल** से उत्पन्न हुई।

## ग्रीन क्रेडटि कार्यक्रम के संबंध में चतिाएँ:

- **सत्यापन और वैधता की जटलिता:** पर्यावरण-अनुकूल कार्यों को सत्यापति और मान्य करने की प्रक्रयिा **जटलि** हो सकती है तथा इन प्रक्रयिाओं में **अधकि समय भी लग सकता** है।
  - प्रतभिागियों और नयिामक नकिायों दोनों पर प्रशासनकि दबाव जैसी चतिाएँ बनी हुई हैं।
- **ग्रीनवॉशगि का जोखमि:** एक जोखमि यह है कि **कुछ प्रतभिागी ग्रीनवॉशगि में संलग्न** हो सकते हैं, जहाँ वे पर्यावरण संरक्षण में वास्तवकि योगदान दयि बनिा ग्रीन क्रेडटि अर्जति करने के लयि पर्यावरण-अनुकूल गतविधियों का झूठा दावा करते हैं।
- **कार्बन क्रेडटि के साथ संगतता:** इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्बन क्रेडटि से स्वतंत्र होना है, जो दो प्रकार के पर्यावरणीय क्रेडटि के बीच **संभावति ओवरलैप और मूल्यांकन की जटलिता के बारे में चतिा पैदा करता** है।
- **क्षेत्रीय अंतर के लयि लेखांकन:** कार्यक्रम को पर्यावरणीय प्रभाव के चलते क्षेत्रीय ववििधताओं को ध्यान में रखने में कठनिाई हो सकती है, जसिसे **ववििध भौगोलकि क्षेत्रों के लयि समान क्रेडटि मूल्य स्थापति करना चुनौतीपूर्ण** हो जाएगा।

## हरति अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लयि अन्य सरकारी पहल:

- सॉवरेन ग्रीन बॉण्ड
- हरति ऊर्जा गलयिारा
- राष्ट्रीय हरति हाइड्रोजन मशिन

## नष्किर्ष:

- ग्रीन क्रेडटि तंत्र को आगे बढ़ाने के लयि एक बहुआयामी दृष्टकिोण की आवश्यकता है, जो दीर्घकालकि स्थरिता और सार्वजनकि जागरूकता को बढ़ावा देते हुए **मानकीकरण, पारदर्शता, क्षेत्रीय अनुकूलन** तथा **नयिामक नरीिक्षण** पर ध्यान केंद्रति करता हो। ऐसा करने से कार्यक्रम **SDG 12** (ज़मि्मेदार उपभोग और उत्पादन), **SDG 13** (जलवायु कार्रवाई) तथा **SDG 15** (भूमि पर जीवन) सहति **संयुक्त राष्ट्र सतत् वकिास लक्ष्यों** को प्राप्त करने में योगदान दे सकता है।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. कार्बन क्रेडटि की अवधारणा नम्निलखिति में से कसिसे उत्पन्न हुई है? (2009)**

(a) पृथ्वी शखिर सम्मेलन, रयिो डी जनेरयिो
(b) क्योटो प्रोटोकॉल
(c) मॉन्ट्रयिल प्रोटोकॉल
(d) जी-8 शखिर सम्मेलन, हेलीजेंडम

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. "कार्बन क्रेडटि" के संबंध में नम्निलखिति कथनों में से कौन सा सही नहीं है? (2011)**

(a) क्योटो प्रोटोकॉल के साथ कार्बन क्रेडटि ससि्टम की पुष्टि की गई थी।
(b) कार्बन क्रेडटि उन देशों या समूहों को दयिा जाता है जन्हिोंने ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन अपने उत्सर्जन कोटा से कम कर दयिा है।
(c) कार्बन क्रेडटि ससि्टम का लक्ष्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की वृद्धि को सीमति करना है।

(d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा समय-समय पर निर्धारित मूल्य पर कार्बन क्रेडिट का कारोबार किया जाता है।

**उत्तर: (d)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न. क्या कार्बन क्रेडिट के मूल्य में भारी गिरावट के बावजूद UNFCCC के तहत स्थापित कार्बन क्रेडिट और स्वच्छ विकास तंत्र की खोज को बनाए रखा जाना चाहिये? आर्थिक विकास के लिये भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा कीजिये। (2014)**

**प्रश्न. ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा कीजिये और वैश्विक जलवायु पर इसके प्रभावों का उल्लेख कीजिये। क्योटो प्रोटोकॉल, 1997 के आलोक में ग्लोबल वार्मिंग का कारण बनने वाली ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को कम करने के लिये नियंत्रण उपायों की व्याख्या कीजिये। (2022)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/green-credit-program-1